प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी की दिनांक 03.07.2020 को अपरान्ह 04:00 बजे आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में चिन्हित नॉन अटैनमेन्ट नगरों में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु लागू कार्ययोजना के क्रियान्वयन की अद्यतन प्रगति, कार्ययोजना के कार्यबिन्दुओं के माइक्रोप्लान तैयार कर प्रस्तुत करने एवं राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संबंधित विभागों को अवमुक्त की गयी प्रथम किश्त की धनराशि का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी की दिनांक 03.07.2020 को बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण की सूची संलग्न है।

2— सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा अध्यक्ष, एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी की अनुमति से बैठक प्रारम्भ करते हुए अवगत कराया गया कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 20.11.2019 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के चिन्हित नॉन अटैनमेन्ट शहरों में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु लागू कार्ययोजना की अद्यतन प्रगति एवं माइक्रोप्लान की सूचना केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जानी है। उक्त हेतु पूर्व में दिनांक 19.05.2020 को प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में उपस्थित सदस्यों को निर्देशित किया गया था एवं सम्बन्धित प्रपत्र पर सूचनायें 30.06.2020 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

संबंधित विभागों द्वारा प्रेषित सूचनाओं की अद्यतन स्थिति का विवरण निम्नवत् है :—.

क्र0 सं0	विभाग का नाम	सूचना प्रस्तुत किये जाने की अद्यतन स्थिति		अभ्युक्ति
		प्रपत्र—3 (माइक्रोप्लान)	प्रपत्र—4 (प्रगति रिपोर्ट)	
1	परिवहन विभाग	प्राप्त	प्राप्त	1
2	प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 (वन विभाग)	प्राप्त	प्राप्त	2
3	नगर विकास विभाग	बरेली, मुरदाबाद, वाराणसी एवं कानपुर से प्राप्त	बरेली, मुरदाबाद, वाराणसी एवं कानपुर से प्राप्त	3
4	आवास एवं शहरी नियोजन विभाग	अप्राप्त	अप्राप्त	4
5	लोक निर्माण विभाग	अप्राप्त	प्राप्त	5
6	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग	अप्राप्त	अप्राप्त	6
7	अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग	अप्राप्त	अप्राप्त	7
8	कृषि विभाग	अप्राप्त	अप्राप्त	8
9	उद्यान विभाग	अप्राप्त	अप्राप्त	9

10	खाद्य एवं आपूर्ति विभाग	अप्राप्त	प्राप्त	10
11	राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण	अप्राप्त	अप्राप्त	11

3– सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 30.06.2020 तक संबंधित विभागों द्वारा एक्शन प्वाईट्स से संबंधित माईक्रोप्लान प्रस्तुत नहीं किये जाने की दशा में मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 20.11.2019 के अनुपालन में संबंधित विभागों पर दिनांक 01.07.2020 से रू0 5.00 लाख प्रति माह की दर से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जा रही है।

4– प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा जिन विभागों की सूचनायें अभी प्राप्त नहीं हुई है अथवा अपूर्ण है, उन्हें प्रत्येक दशा में दिनांक 06.07.2020 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में याचिका की आगामी सुनवाई दिनांक 16.07.2020 से पूर्व अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जा सके।

(कार्यवाही–नगर विकास/आवास एवं शहरी नियोजन/लोक निर्माण/सिंचाई एवं जल संसाधन/गृह/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास/कृषि/उद्यान/खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 शासन तथा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण)

उक्त सूचनायें उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के ई–मेल ceolab@uppcb.com तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन के ई–मेल soenvups@rediffmail.com पर प्रत्येक दशा में 06.07.2020 तक प्रेषित कर दी जाय।

सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।

सुधीर गर्ग
प्रमुख सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–7
संख्या–1051-336/81–7–2020–09(रिट)/2016
लखनऊ : दिनांक : 06 जुलाई, 2020

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगर विकास/आवास एवं शहरी नियोजन/लोक निर्माण/सिंचाई एवं जल संसाधन/गृह/परिवहन/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास/कृषि/उद्यान/खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– आयुक्त, खाद्य एवं आपूर्ति, उ0प्र0, लखनऊ।
3– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा, कानपुर।
4– प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
5– निदेशक, पर्यावरण, उ0प्र0, लखनऊ।
6– क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आंचलिक कार्यालय नार्थ जोन, लखनऊ।
7– डॉ0 सच्चिदानन्द त्रिपाठी, प्रोफेसर, आई0आई0टी0, कानपुर।

8- सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
9- क्षेत्रीय अधिकारी, ईस्ट/वेस्ट एन0एच0ए0आई0, लखनऊ।
10- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-4/5, उ0प्र0 शासन।
11- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(भारत प्रसाद)
अनु सचिव।